web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 29 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 92

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से एक परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**बनिहार/जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बुधवार को कोयले से चलने वाले हीटर से निकले धुएं से दम घुटने के कारण एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि घटना बनिहाल तहसील के सुदूर चक नरवाह गांव की है. इसमें मरने वालों की पहचान 35 वर्षीय नूरजहां और उसके बेटे जफ्फार अहमद (12) व बेटियों-शाहिजा बानो (8) तथा आसिया बानो (5) के रूप में की गई है.

### पुणे से श्रद्धालुओं को लेकर यूपी में पलटी बस, 24 घायल

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** तीर्थयात्रियों को लेकर वाराणसी से अयोध्या जा रही एक बस उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पलट गई, जिससे 24 यात्री घायल हो गए। हादसा टंटिया नगर बायपास के पास हुआ, जहां बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। भोलेनाथ टूरिस्ट सर्विस की बस में 48 यात्री सवार थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया जा रहा है।

### मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर रसायन से भरे टैंकर में लगी आग

**पालघर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बुधवार तडक़े रसायन से लदे एक टैंकर में आग लग गई, जिससे इस व्यस्त मार्ग पर कुछ घंटों के लिए यातायात प्रभावित हुआ। कासा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मेधवन खिंड इलाके में टैंकर में तडक़े करीब साढ़े तीन बजे आग लगी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।अधिकारी के मुताबिक, चालक और एक अन्य व्यक्ति ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारी के अनुसार, घटना में टैंकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल सका है कि वाहन में कौन-सा रसायन भरा था। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### आनी के रानाबाग में दर्दनाक हादसा, कार के खाई में गिरने से 2 की मौत

**कुल्लू (आरएनएस)।** जिला कुल्लू के उपमंडल आनी में हुए एक सडक़ हादसे में बच्चे सहित 2 लोगों की मौत हो गई है। आनी पुलिस की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा आनी उपमंडल में नगान-कुंगश मार्ग पर रानाबाग के पास हुआ है। यहां पर एक कार अनियंत्रित होकर सडक़ से उतर कर खाई में जा गिरी। खाई में गिरकर कार एक पेड़ पर लटक गई। उक्त वाहन में 3 लोग सवार थे। हादसे में 23 साल के युवक और 10 साल के बच्चे की मौत हुई बताई जा रही है। दोनों मृतक आनी क्षेत्र के ही रहने वाले हैं जबकि एक शख्स घायल हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही आनी पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। डीएसपी आनी रविंद्र कुमार ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रानाबाग के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर भेज दी गई है। वहीं मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# देश में कोविड के 188 नए मामले आए सामने

### ❒ उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र हुई 3,468



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 188 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढक़र 4,46,77,647 पर पहुंच गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 3,468 हो गई है.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक 5,30,696 लोगों की मौत हुई है. कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 3,468 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है. पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 47 की वृद्धि दर्ज की गई. देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है. संक्रमण की दैनिक दर 0.14 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.18 प्रतिशत है.

आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 1,34,995 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई. देश में अभी तक कुल 4,41,43,483 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.07 खुराक दी जा चुकी हैं.

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे.

### चीन से लौटी महिला और उसकी बेटी कोविड पॉजिटिव

**चेन्नई (आरएनएस)।** चीन से कोलंबो के रास्ते होकर लौटी एक महिला और उसकी छह साल की बेटी तमिलनाडु के मदुरै हवाईअड्डे पर जांच के दौरान कोविड-19 से संक्रमित पाई गई हैं. राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के मुताबिक मदुरै के पास विरुधुनगर की रहने वाली महिला और उसकी बेटी की मंगलवार को विमान से उतरने के बाद हवाईअड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच की गयी, जिसमें दोनों कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गईं. दोनों को विरुधुनगर में उनके घर पर ही पृथकवास में रखा गया है. उनके नमूने जांच के वास्ते जीनोम अनुक्रमण के लिए राजकीय प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे. तमिलनाडु में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 10 नए मामले सामने आए.

### कोरोना की दहशत के बीच बूस्टर डोज की मांग बढ़ी, को-विन पर नहीं मिल रहा अपॉइंटमेंट

चीन में तेजी से बढ़ रही कोरोना की रफ्तार को देखते हुए भारत में बूस्टर डोज की मांग में तेजी आ गई है। लोग को-विन पोर्टल पर जाकर टीके के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों को अपॉइंटमेंट नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण यह है कि कुछ अस्पतालों में वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद नहीं है। वहीं, कुछ अस्पतालों मे एक या दो दिन की ही वैक्सीन बची है। दिल्ली के कई प्रमुख डॉक्टरों ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया है कि, पिछले दो हफ्तों में बूस्टर डोज की मांग में भारी इजाफा हुआ है। नए वेरिएंट और कोविड मामलों के बढते खतरे के साथ, अब बहुत से लोग बूस्टर डोज की मांग कर रहे हैं। वहीं बूस्टर डोज नहीं लेने वाले कई लोग अब टीके की मांग कर रहे हैं। नए वेरिएंट के खतरे के कारण अचानक लोग काफी सतर्क हो गए हैं। पुणे शहर के कई डॉक्टरों का मानना है कि अचानक से बूस्टर डोज की मांग बढ़ गई है। दिल्ली के संजय गांधी हॉस्पिटल के एक डॉक्टर ने बताया कि टीके अगर लंबे समय तक रखे रहते तो खराब हो सकते थे। इसलिए ये फैसला लिया गया था। डॉक्टर ने कहा कि फिलहाल बूस्टर डोज लेने वाले लोग आ रहे हैं। इनमें युवाओं और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। अभी जिन लोगों ने बीते दिनों अपॉइंटमेंट लिया था उन्हें डोज लगाई जा रही है। वैक्सीन के स्टॉक के हिसाब से ही स्लॉट बुक किए जा रहे हैं। बता दें, चीन में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए भारत ने इस महामारी के खिलाफ एक बार फिर से कमर कस ली है। केंद्र और राज्य सरकार ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए खास निर्देश जारी किए हैं। साथ ही कोरोना के लक्षण पता चलने के बाद लोगों से तुरंत इसका इलाज करने और आइसोलेट होने के निर्देश दिए हैं।

## फर्जी एफबी प्रोफाइल के जरिए महिला का उत्पीड़न करने के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**पणजी (आरएनएस)।** गोआ की साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जिसने एक नाबालिग लडक़ी का फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी मां से यौन संबंध बनाने की मांग की। पुलिस ने बताया कि, राजू (बदला हुआ नाम) ने अपनी शिकायत में कहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग बेटी की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई और उसकी पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मैसेज किया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।



पुलिस ने कहा, जांच करने पर पाया गया कि मैसेज उत्तरी गोवा के सिद्धनाथ कैसुकर के पास से भेजा गया। यह पता चला कि परिवादी की पत्नी की शादी से पहले आरोपी व्यक्ति उससे बहुत प्यार करता था। उसने उसे शादी के लिए प्रपोज भी किया था जिसे उसने ठुकरा दिया था।

पुलिस ने आगे कहा है, शादी के छह साल बाद लंबे समय से अधूरे प्यार से प्रेरित होकर आरोपी ने बेटी की फर्जी प्रोफाइल बनाई और यौन संबंध की मांग कर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आईटी अधिनियम की धारा 66सी और आईपीसी की 354ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवार को सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादी मारे गए. पुलिस के एक अधिकारी ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी सफलता बताया. जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रष्ठत्रक्क) मुकेश सिंह ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई.



सेना के टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल गौरव गौतम के साथ मौजूद सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर बताया कि ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है. एडीजीपी ने कहा कि कश्मीर की ओर जा रहे एक ट्रक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसका पीछा किया गया और सिधरा नाके के पास रोका गया. तभी उसका चालक शौच जाने के बहाने भाग निकला. सिंह ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाशी शुरू कर ही रही थी, तभी अंदर से गोलीबारी शुरू हो गई. मुठभेड़ के दौरान ट्रक में आग लग गई. उन्होंने कहा कि आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे और कश्मीर की ओर जा रहे थे जब उन्हें रोका गया. ट्रक चालक की तलाश जारी है.

एडीजीपी ने कहा कि आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश जारी है और वे किस संगठन से संबद्ध थे यह भी पता लगाया जा रहा है. पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने पहले बताया था कि अभी तक तीन आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है. उन्होंने कहा था कि यह संख्या अधिक हो सकती है. यह पूछे जाने पर कि क्या आतंकवादी सीमा पार से आए थे और ट्रक चालक उन्हें कश्मीर ले जा रहा था, उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच जारी है. अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच 45 मिनट से अधिक समय तक मुठभेड़ चली. इस दौरान ग्रेनेड फेंके जाने के कारण कई विस्फोट भी हुए. भूसी से लदे ट्रक से धुआं निकलता देखा गया, जो मुठभेड़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है.

## प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ शिकायत : कर्नाटक पुलिस ने तहसीन पूनावाला को भेजा नोटिस

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक पुलिस ने भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ शिकायत करने वाले तहसीन पूनावाला को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया है। पूनावाला वेंचर कैपिटलिस्ट और राजनीतिक विश्लेषक हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूनावाला ने अपने हालिया कर्नाटक दौरे के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ ईशनिंदा भाषण के संबंध में मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

पूनावाला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जी.के. मिथुन कुमार के पास शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने एक कॉपी मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी अटैच की थी। शिवमोग्गा में पूछताछ में शामिल होने के लिए कोटे पुलिस स्टेशन द्वारा पूनावाला को ईमेल से नोटिस भेजा



गया है।

प्रज्ञा ठाकुर ने शिवमोग्गा शहर में आयोजित हिंदू जागरण वेदिके के दक्षिण वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया था और बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्षा के आवास का दौरा किया था, जिसे हिजाब के खिलाफ अभियान चलाने के लिए मार डाला गया था।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने समारोह में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बेहद अपमानजनक भाषण दिया। उन्होंने लोगों से 'लव जिहाद' का भी इसी अंदाज में करारा जवाब देने को कहा था।

उन्होंने आगे हिंदुओं से अपनी लड़कियों की देखभाल करने और घर पर हथियार रखने के लिए भी कहा। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि हथियार न हो तो सब्जी काटने वाले चाकू की धार तेज रखें। उन्होंने हमारे हर्ष को चाकू से गोद कर मार डाला था। उन्होंने हिंदू कार्यकर्ताओं को मारने के लिए चाकुओं का इस्तेमाल किया है, हमें किसी भी घटना का सामना करने के लिए अपने चाकुओं को तेज रखना होगा। अगर हमारा चाकू सब्जियों को अच्छे से काटता है तो यह हमारे दुश्मनों पर भी कारगर हो सकता है।


शिकायतकर्ता ने कहा कि साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का भाषण अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ भीड़ की हिंसा के लिए हथियारों के इस्तेमाल का खुला आह्वान था। भाषण में एक विशेष समुदाय के खिलाफ असहिष्णुता, घृणा, हिंसा का संभावित प्रभाव है, जो एक अपराध है।

पूनावाला ने पुलिस से आग्रह किया था कि प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 ए के तहत धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए, 153-बी के लिए राष्ट्रीय एकता के लिए अपमानजनक बयानों के लिए, 268 के लिए सार्वजनिक उपद्रव के लिए, 295-ए के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए, 504 जानबूझकर शांति भंग करने के लिए और 505 सार्वजनिक दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के तहत मामला दर्ज किया जाए।

राज्य तीन महीने से भी कम समय में चुनाव की ओर बढ़ रहा है। प्रज्ञा ठाकुर के भाषण के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

## हावड़ा में राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर की हत्या

**हावड़ा (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को तडक़े राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रिया कुमारी अपने पति प्रकाश कुमार, जो खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताते हैं, अपनी 2 साल की बेटी के साथ कार से राष्ट्रीय राजमार्ग-16 से होकर रांची से कोलकाता जा रही थीं। पुलिस ने बताया कि प्रकाश कुमार बागनान थाना क्षेत्र में महिषरेखा के पास शौच के लिए रुके। जल्द ही, तीन लोगों के एक गिरोह ने उन पर हमला कर दिया और उनका सामान लूटने लगे। जब रिया ने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो लुटेरों ने उसे गोली मार दी और वहां से फरार हो गए। प्रकाश कुमार रिया को कार तक ले



गया और मदद की तलाश में लगभग 3 किलोमीटर तक इधर-उधर भटकता रहा। कुलगछिया-पिरताला में राजमार्ग के किनारे उसने कुछ लोगों को देखा तो उन्हें आपबीती सुनाई। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों ने प्रकाश की, उसकी पत्नी रिया को उलुबेरिया के एससीसी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाने में मदद की, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है और रिया के पति प्रकाश से भी इस सिलसिले में पूछताछ कर रही है।

## यौन उत्पीड़न मामला : सीबीआई ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को दी क्लीन चिट

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल कर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को यौन उत्पीडऩ के एक मामले में क्लीन चिट दे दी है। उन पर सौर ऊर्जा घोटाले की मुख्य आरोपी ने यह आरोप लगाया था। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने मंगलवार को यहां अदालत में रिपोर्ट दाखिल की। सीबीआई ने पिछले साल चांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री के सी वेणुगोपाल और अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ आरोपी महिला की ओर से लगाए गए यौन उत्पीडऩ के आरोप से जुड़े मामलों की तफ्तीश अपने हाथ में ली थी। यूडीएफ सरकार के दौरान हुए कई करोड़ रुपये के सौर ऊर्जा पैनल घोटाले की मुख्य आरोपी महिला ने शिकायत देकर इल्ज़ाम लगाया था कि 2012 में चांडी और अन्य ने उसका यौन उत्पीडऩ किया था । इसके बाद चांडी और छह अन्य के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में मामले दर्ज किए गए थे जिनकी छानबीन केरल पुलिस की अपराध शाखा ने की। केरल की मौजूदा माकपा नीत एलडीएफ सरकार ने 2021 के शुरू में इन मामलों की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी। विपक्षी कांग्रेस ने इस कदम को 'राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा था कि एलडीएफ सरकार उसकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कुछ पता नहीं लगा सकी जिसके बाद उसने मामलों को सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई की जांच में पाया गया है कि चांडी के खिलाफ महिला के आरोप का कोई आधार नहीं है और इस बात के भी कोई प्रमाण नहीं हैं कि वह उस दिन तत्कालीन मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास गई थी। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई ने यह भी पाया है कि मामला गढ़ा गया है। पुलिस आयुक्त को 19 जुलाई 2013 को लिखे पत्र में महिला ने चांडी, उनके कुछ मंत्री और दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों सहित कांग्रेस और यूडीएफ के कई नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीडऩ और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

## राष्ट्रपति ने तेलंगाना में आदिवासियों के लिए मॉडल स्कूलों का किया उद्घाटन

**हैदराबाद (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भद्राचलम से तेलंगाना में दो एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का वर्चुअल उद्घाटन किया। एक स्कूल कोमाराम भीम आसिफाबाद जिले में और दूसरा महबूबाबाद जिले में बनाया गया है।

केंद्र ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक ईएमआरएस स्थापित करने का निर्णय लिया है।

कोमाराम भीम आसिफाबाद में ईएमआरएस सिरपुर और महबूबाबाद जिले में ईएमआरएस बय्याराम का निर्माण दिसंबर 2020 में शुरू हुआ



था और निर्माण का पहला चरण हाल ही में पूरा हो गया है। वर्तमान में, ये स्कूल कक्षा 6 से 9 तक पढऩे वाले 448 छात्रों के साथ अन्य सरकारी भवनों से संचालित हो रहे हैं।

कुल मिलाकर, देश भर में ऐसे 740 ईएमआरएस स्थापित किए जाएंगे। ईएमआरएस का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में एसटी छात्रों को उच्च प्राथमिक और माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की शिक्षा (कक्षा 6 से 12) प्रदान करना है।

ईएमआरएस की स्थापना आदिवासी छात्रों को शिक्षा के सर्वोत्तम अवसरों तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से की गई है। प्रत्येक स्कूल में 480 छात्र होंगे, जिसमें 240 लड़कियां और 240 लडक़े कक्षा 6 से 10 तक की कक्षा में दो सेक्शन और कक्षा 9 से 12 में तीन सेक्शन होंगे। ईएमआरएस में सुविधाएं नवोदय विद्यालय के बराबर होंगी। तेलंगाना में कुल 23 ईएमआरएस स्थापित किए जाएंगे और 11 स्कूलों का निर्माण पूरा हो चुका है।

इससे पहले, राष्ट्रपति ने भद्राचलम में श्री सीताराम चंद्र स्वामीवरी देवस्थानम का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (पीआरएएसएचएडी) योजना के तहत भद्राचलम मंदिर में पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास की आधारशिला रखी। उन्होंने वनवासी कल्याण परिषद, तेलंगाना द्वारा आयोजित समक्का सरलाम्मा जनजाति पुजारी सम्मेलन का भी उद्घाटन किया।